दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, सोमवार 23 सितम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# मंदी पर वार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को जो घोषणाएं कीं, उनसे सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था में नई स्फूर्ति आने की उम्मीद है। इन घोषणाओं का सकारात्मक असर तत्काल ही शेयर बाजार की जबर्दस्त तेजी के रूप में दिखाई पड़ा। गौरतलब है कि अब घरेलू कंपनियों और नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स में कमी की जाएगी। घरेलू कंपनियां अगर अन्य कोई छूट नहीं लेती हैं तो उन्हें सिर्फ 22 प्रतिशत टैक्स देना होगा। सरचार्ज और सेस मिलाकर प्रभावी टैक्स दर 25.17 प्रतिशत होगी।

फिलहाल कॉरपोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत है जबकि सेस और सरचार्ज मिलाकर कंपनियों को 34.94 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है। यानी नई दरों के मुताबिक कंपनियों की टैक्स देनदारी करीब 10 पर्सेंट तक घट जाएगी। इसी तरह एक अक्टूबर के बाद बनने वाली घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए टैक्स की दर 15 फीसदी होगी। सरचार्ज और सेस मिलाकर प्रभावी टैक्स दर 17.01 प्रतिशत होगी। उन्हें भी अन्य कोई इन्सेंटिव नहीं मिलेगा। नई कंपनियों के लिए पहले टैक्स की दर 25 पर्सेंट थी जबकि सेस, सरचार्ज मिलाकर प्रभावी दर 29.12 प्रतिशत थी। यानी नई कंपनियों की टैक्स देनदारी 12 प्रतिशत घटेगी।शेयरों की बिक्री से कैपिटल गेन पर सरचार्ज बढ़ोतरी लागू नहीं होगी। जिन कंपनियों ने 5 जुलाई से पहले शेयर बायबैक की घोषणा की थी, उन पर भी टैक्स नहीं लगेगा। नई टैक्स दरें एक अप्रैल से प्रभावी मानी जाएंगी। इसके लिए सरकार अध्यादेश लाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि कॉर्पोरेट टैक्स की नई दरें दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे कम होंगी। निश्चय ही सरकार ने साहसिक कदम उठाए हैं, जिससे औद्योगिक परिदृश्य में भारी बदलाव आ सकता है। कंपनियों का टैक्स बचने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। अब वे खर्चों में कटौती नहीं करेंगी जिसका सबसे पहले लाभ उनके कर्मचारियों को मिलेगा यानी छंटनी की आशंका अब नई रह जाएगी।

नई नौकरियों के लिए भी गुंजाइश बनेगी। आम लोगों में रोजगार जाने का डर खत्म होने से वे खुलकर खर्च करेंगे। वैसे भी त्योहारी सीजन आ ही चला है। इस तरह बाजार में मांग पैदा होगी। लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे तो जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ेगा। यानी अभी टैक्स में कमी से सरकार पर 1.45 लाख करोड़ का जो भार आएगा उसकी जल्दी ही भरपाई भी हो जाएगी। कंपनियां टैक्स बचत के पैसे का इस्तेमाल मैन्युफैक्चरिंग, कर्ज चुकाने या निवेश के लिए करेंगी जिससे बैंकिंग सिस्टम और बाजार में नकदी बढ़ेगी। टैक्स घटने का फायदा सरकारी कंपनियों को भी होगा। इन कटौतियों से निवेश प्रोत्साहित होगा, भारतीय कंपनियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा कॉम्पिटिटिव बनेंगी। सबसे बड़ी बात है कि कॉरपोरेट जगत की निराशा दूर होगी और उनमें एक विश्वास पैदा होगा। इन उपायों से हम मंदी से निपटने में सफल होंगे।

# मोदी की अमेरिका में ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के साथ बैठक, निवेश बढ़ाने पर चर्चा



**ह्यूस्टन।** अमेरिका की एक सप्ताह की यात्रा के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के तेल तथा गैस क्षेत्र की कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की। इस बैठक में भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अवसरों के दोहन पर चर्चा हुई। यह गोलमेज बैठक ऊर्जा सुरक्षा के लिए साथ मिलकर काम करने और भारत-अमेरिका के बीच साझा निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर केन्द्रित थी। बैठक के बाद मोदी ने ट्वीट किया , '' यह संभव नहीं है कि ह्यूस्टन आएं और ऊर्जा पर बातचीत ना हो। ऊर्जा क्षेत्र के शीर्ष सीईओ के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने ऊर्जा क्षेत्र में अवसर उत्पन्न करने के तरीकों पर चर्चा की।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि बैठक में 17 वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हुए। इन कंपनियों की उपस्थितिक 150 देशों में है और इनका सामूहिक नेटवर्थ 1,000 अरब डॉलर है। उन्होंने बताया कि से सभी कंपनियों किसी न किसी रूप में भारत से जुड़ी हैं। अमेरिका की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन इंक और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी कंपनी लि. (पीएलएल) ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत पीएलएल और उसकी सहायक इकाइयां अमेरिका से सालाना 50 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने पहले ट्वीट किया, '' आते ही सीधे काम शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यूस्टन में ऊर्जा क्षेत्र के सीईओ के साथ अभी एक सफल गोलमेज बैठक सम्पन्न की। बातचीत भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सुरक्षा के लिए साथ मिलकर काम करने और साझा निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर केन्द्रित थी।'' इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अमेरिका के कई शीर्ष पेट्रोलियम कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ मोदी की तस्वीरें ट्वीटर पर साझा कीं। पीएमओ ने साथ ही लिखा, '' भारत और अमेरिका की दोस्ती को और मजबूत करते हुए। ह्यूस्टन में पहली बैठकों में से एक... प्रधानमंत्री ऊर्जा क्षेत्र के सीईओ के साथ। भारत और अमेरिका इस क्षेत्र में सहयोग में विविधता लाना चाहता है।'' मोदी के साथ बैठक के दौरान अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों ने उनकी सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में सुधार और उदारीकरण के लिए उठाए गए हालिया कदमों का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि इन कंपनियों ने भारत में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के बारे में बात की और क्षेत्र में नियमनों में ढील के कदमों का स्वागत किया।

## विदेशी निवेशकों ने सितंबर में अब तक पूंजी बाजार से 4,193 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से इस महीने में अब तक कुल 4,193 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार की ओर से किए गए उपायों से इस रुख में बदलाव की उम्मीद है। केंद्र ने कॉरपोरेट कर की दरों में करीब 10 प्रतिशत की कटौती है और कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिये डेरिवेटिव समेत प्रतिभूतियों की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ अधिभार लागू नहीं होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 3-20 सितंबर के बीच शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 5,577.99 करोड़ रुपये निकाले जबकि बांड या ऋण बाजार में 1,384.81 करोड़ रुपये का निवेश किया। इस प्रकार, उन्होंने घरेलू पूंजी बाजार (शेयर एवं बॉड बाजार) से शुद्ध रूप से 4,193.18 करोड़ रुपये की निकासी की।

## विराट और रोहित में फिर होगी रनों की जंग, वर्ल्ड रेकॉर्ड निशाने पर



**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इंटरनैशनल टी-20 सीरीज का निर्णायक मैच आज बेंगलुरु में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले इस मैच में एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच रनों की जंग देखने को मिलेगी। विराट जहां इंटरनैशनल टी-20 में सबसे अधिक रन बनाने का रेकॉर्ड बचाना चाहेंगे तो रोहित की कोशिश होगी कि वह एक बार फिर इस लिस्ट के टॉपर बन जाएं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 72 रनों की नाबाद पारी खेलने के दौरान विराट कोहली टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। पीसीए स्टेडियम, मोहाली में खेले गए मुकाबले को कोहली की पारी की मदद से भारत ने इस मैच को आसानी से जीत दर्ज की थी। भारत के सामने 150 रनों का लक्ष्य था, जो उसने 19 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था।

**पिछले मैच में विराट निकले थे आगे-** टी-20 इंटरनैशनल में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में कोहली ने अपने हमवतन रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा था। रोहित ने इस मैच में 12 रन बना पाए थे। कोहली के नाम फिलहाल 71 टी20 इंटरनैशनल मैचों में 2441 रन हो गए हैं, वहीं रोहित ने 97 मैचों में 2434 रन बनाए हैं। तीसरे मैच में रनों की रोचक जंग देखने को मिलेगी।

## लगातार छठे दिन बढ़े कच्चे तेल के दाम



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हमले के बाद से दुनियाभर में कच्चे तेल के बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके चलते लगातार पिछले छह दिन में दिल्ली में पेट्रोल के दाम 1.59 रुपये लीटर और डीजल के 1.31 रुपये लीटर चढ़ चुके हैं। दिल्ली में पेट्रोल कीमतों में 27 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई। इससे अब दिल्ली में पेट्रोल 73.62 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच चुका है। वहीं दिल्ली में डीजल कीमतों में 18 पैसे लीटर की और वृद्धि हुई है। इस तरह दिल्ली में डीजल 66.74 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच चुका है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की अधिसूचना के मुताबिक ईंधन के दामों में लगातार छठे दिन बढ़ोतरी हुई है।

17 सितंबर से पेट्रोल के दामों में कुल 1.59 रुपये लीटर की वृद्धि हुई है। वहीं इस दौरान डीजल 1.31 रुपये लीटर महंगा हुआ है। सऊदी अरामको के संयंत्रों पर ड्रोन हमलों के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति में पांच प्रतिशत की कमी आई है।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप : इतिहास रचने वाले अमित पंघाल थे बेपरवाह, खूब पड़ती थी डांट



**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शनिवार को सिल्वर मेडल जीत कर इतिहास रचने वाले भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) शुरुआत दिनों में प्रशिक्षण के लिए देर से पहुंचने के लिए जाने जाते थे। एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके रोहतक के इस छोटे कद के खिलाड़ी को रूस के एकातेरिनबर्ग में चल रही प्रतियोगिता के फाइनल में ओलिंपिक चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने खुद बताया कि शुरुआती दिनों में वह अपने रवैये को लेकर काफी बेपरवाह थे जिससे कई बार कोच भी निराश हो जाते थे। सेना में सूबेदार के पद पर तैनात 23 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह सच है, मैं सप्ताहांत (छुट्टी के दिनों) में शिविर छोड़ देता था। मेरे पास धैर्य की कमी थी। कोच मुझ पर गुस्सा करते थे लेकिन मैं ज्यादा परवाह नहीं करता था। उस समय मुझे लगता था कि हमें छुट्टियां कम मिल रही हैं और मैं हमेशा से उसका पूरा इस्तेमाल करना चाहता था।'

**अनुशासनहीन थे, पर खेल शानदार था-** राष्ट्रीय कोच सीए कटप्पा ने भी पंघाल की इस हरकत को याद करते हुए कहा, 'हां, हम उनसे परेशान रहते थे। वह छुट्टियों से समय पर वापस नहीं आते थे, अभ्यास के लिए भी समय पर नहीं पहुंचते थे, लेकिन उनका खेल शानदार था, हम सिर्फ अनुशासनहीनता के कारण उन्हें खोना नहीं चाहते थे।' यह बात है 2016 की, लेकिन अगले साल पंघाल ने पहली बार एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## सा. अफ्रीका से फाइनल फाइट आज, पंत के प्रदर्शन से परेशान भारत

**बेंगलुरु।** पिछली दस टी20 इनिंग्स में से ऋषभ पंत सात इनिंग्स में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके हैं, इसके बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का मुख्य हथियार माना जा रहा है। टीम मैनेजमेंट ने इस युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाज पर अपना पूरा भरोसा जताया है, लेकिन पंत फिलहाल इस भरोसे पर खरा उतरने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि पंत को जिस चौथे बल्लेबाजी क्रम पर उतारा जा रहा है वह उनके खेल के मुफीद सटीक क्रम नहीं है।

### आउट होने का खौफ

पंत को पांचवें क्रम पर उतारने की सलाह देते हुए एक्सपर्ट चौथे क्रम पर श्रेयस अय्यर को उतारने की सिफारिश कर रहे हैं। उनका मानना है कि पंत के खेल में पावर है और उस पावर का इस्तेमाल तभी सही से किया जा सकता है जब उनके मन से आउट होने का खौफ बाहर हो जाए। चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए उन्हें कई बार दस ओवर के पहले ही मैदान पर उतरना पड़ गया, जिससे वह पारी को बनाने और तेजी से रन बनाने के बीच किसी एक चीज को चुनने में नाकाम रहे। पांचवें क्रम पर पंत विध्वंसक साबित हो सकते हैं, अलबत्ता वह अपना शॉट चयन सही से करें।

### एक और सीरीज मुट्ठी में!

कप्तान विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुकी है और उसका इरादा 2-0 के स्कोर के साथ सीरीज पर कब्जा जमाने का होगा। धर्मशाला में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और दूसरे मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन व कोहली की बेहतरीन पारी से भारत ने सात विकेट से जीत हासिल कर 1-0 से बढ़त बनाई। मोहाली में साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों के पास कोहली की बल्लेबाजी का भी कोई जवाब नहीं था और अब यह अंतिम मैच ऐसे मैदान पर हो रहा है जिससे भारतीय कप्तान भली भांति वाकिफ हैं और वह यहां एक और बेहतरीन पारी खेलना चाहेंगे।



## आज का राशिफल

मेषः- घर-दुकान व शोरूम इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबारी बड़ा लाभ होने के योग हैं। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कोई धनहानि हो सकती है, सावधानी रखें।

वृषः- किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग पठन-पाठन व लेखन इत्यादि में लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी।

मिथुनः- शारीरिक कष्ट के योग हैं। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। कोई बुरी खबर मिल सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दुष्टजनों से सावधान रहें। हानि पहुंचा सकते हैं।

कर्कः- प्रयास सफल रहेंगे। समाजसेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

सिंहः- घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। व्यापार-व्यवसाय अच?छा चलेगा। नौकरी में मातहतों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

कन्याः- भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

तुलाः- कोई बड़ा खर्च सामने आएगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी होने की आशंका है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

वृश्चिकः- कोई पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। संतान पक्ष से अध्ययन तथा स्वास्थ?य संबंधी चिंता का वातावरण बन सकता है।

धनुः- किसी विशेष वस्तु से भय रहेगा। शारीरिक कष्ट की आशंका है। आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। मित्रों तथा रिश्तेदारों में सुधार होगा।

मकरः- प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्य अनुकूल होंगे।

कुंभः- वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें, विशेषकर गृहिणियां सावधान रहें। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है।

मीनः- स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अतिमुखरता हानि देगी। राजभय रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कोर्ट-कचहरी के कार्य गति पकड़ेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

## आलू की पूड़ी बनाने की रेसिपी...



**सामग्रीः**

गेहूं का आटा- 2 कप, आलू- 2 धनिया पाउडर- 1 छोटी चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच, अज़्वायन- 1/4 छोटी चम्मच, तेल- पूरियां तलने के लिए, हरा धनिया- 2 टेबल स्पून (बारीक कटा), नमक- स्वादानुसार

**विधि-**

1.आलू की पूड़ी आलू को धोकर उबाल लें. इसके बाद जब आलू ठंडे हो जाएं तो उन्हें धोकर छील लें और कद्दूकस कर लें.

2.अब एक परात में आटा और कसे हुए आलुओं को साथ डालकर इसमें अजवाइन, नमक, हल्दी, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और हरा धनिया डालकर हाथों से मसलते हुए अच्छे से मिक्स कर लें.

3.पूड़ी खुसखुस (कुरकुरी) बने इसके लिए आटे में 2 छोटा चम्मच तेल मिलाएं. फिर इसमें पानी मिलाते हुए थोडा हार्ड आटा गूंथिये. अब आटे को एक साफ गीले कपड़े से ढककर 20 मिनट तक के लिए रख दें ताकि ये अच्छे से सेट हो जाए.

4.इसके बाद हथेली पर थोड़ा सा तेल लगाकर और इसी हाथ से आटे को थोड़ी देर तक मसलें. अब इससे छोटी छोटी लोइयां काट लें. अब इन लोइयों को गोल बेल लें.

5.कढ़ाई में तेल गर्म होने के लिए रख दें. जब तेल गर्म हो जाए इसमें एक एक करके पूरियां तलते जाएं और इन पूरियों को एक कागज़ लगे पर्तन में निकाल लें. ताकि कागज़ अतिरिक्त तेल सोख लें.

6.लीजिए तैयार है आपकी गर्मागर्म आलू की पूरी. इस आप रायते, दही, खट्टी चटनी और अचार के साथ खा सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 94

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | बा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | बा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |